खंड 5

नमस्कार DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट,

बैक-टू-स्कूल 2020 की उलटी गिनती शुरू हो गई है। एक सफल वर्चुअल शुरुआत और एक शानदार स्कूल वर्ष की योजना के दौरान हमारे डिस्ट्रिक्ट में उत्साह की एक लहर है!

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट सामरिक योजना DeKalb के सभी परिवारों के लिए हमारे डिस्ट्रिक्ट को #1 पसंद बनाने की हमारी रणनीति में सहायता करती है और सभी विद्यार्थियों को उनके पसंदीदा भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाती है। हमारे सामरिक लक्ष्य क्षेत्र इस प्रकार से हैं:

अपक्षपात और अभिगमन के साथ विद्यार्थी की सफलता
हितधारक सहभागिता और संचार
स्टाफ प्रभावशीलता
संस्कृति और वातावरण
संगठन उत्कृष्टता
सुविधाएं
मैं हमारे लक्ष्य क्षेत्रों में बेहतरीन प्रगति, और मेरी प्रथम 100 दिनों की गतिविधियां साझा करने के लिए अपने साप्ताहिक न्यूज़लैटर का इस्तेमाल करने के लिए तत्पर हूँ। हमारी सामरिक योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए, https://www.dekalbschoolsga.org/superintendent/strategic-plan/ पर जाएं।

स्टाफ प्रभावशीलता (सामरिक योजना लक्ष्य III)

इस सप्ताह मुझे हमारे डिस्ट्रिक्ट लीडरों से जुड़ने का सुअवसर प्राप्त हुआ, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे स्टाफ के लिए डिवाइस वितरण से लेकर पेशेवर विकास अवसर प्रदान करने की दिशा में हम सही मार्ग पर हैं। हमने 5-7 अगस्त, 2020 को अपने वर्चुअल पेशेवर विकास संस्थान की शुरुआत की। इस संस्थान ने हमारे स्कूल आधारित कर्मचारियों को प्रभावी ऑनलाइन शिक्षा और अध्ययन अभ्यास प्रदान किए, ताकि हमारे विद्यार्थी अध्ययन में व्यस्त रहें और सीखने के लिए सशक्त हों और अपनी सर्वाधिक काबिलीयत तक पहुँच पाएं। मैं शिक्षकों, प्रिंसिपलों, और स्टाफ का उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद करती हूँ।

मेरी साप्ताहिक अधीक्षक कैबिनेट बैठक के दौरान संचार, सहयोग, और संबद्धता मुख्य विषय के तौर पर उभर कर आए हैं। हमारी बैक टू स्कूल योजना के अतिरिक्त, हम यह चर्चा करने में समय व्यतीत कर रहे हैं कि संकट और बदलाव के माध्यम से नेतृत्व करने का क्या अर्थ है। इस दिशा में हमने कुछ लेखों का अध्ययन किया है जो इस प्रकार से हैं:

द रेज़िलिएंट लीडर – एडुकेशनल लीडरशिप, लेखक Elle Allison

www.ascd.org/publications/educational-leadership/dec11/vol69/num04/The-Resilient-Leader.aspx

फर्स्ट एंड सेकंड ऑर्डर चेंज इन एडुकेशन एंड इट्स इंप्लीकेशन्स फॉर फ्यूचर डायरेक्शन, लेखक Peter Zsebik

http://www.questconference.ca/wp-content/uploads/2018/05/2009ZsebikArticle.pdf

लीडिंग थ्रू क्राइसिस – 8 टिप्स फॉर नेविगेटिंग टर्बुलेंट टाइम्स,
लेखक John Taylor

https://www.randstadrisesmart.com/blog/leading-through-crisis-8-tips-navigating-turbulent-times

निष्पक्षता और अभिगम के साथ विद्यार्थी सफलता (सामरिक लक्ष्य I) और
हितधारक सहभागिता और संचार (सामरिक योजना लक्ष्य II)

मैं DeKalb काउंटी और मेट्रो Atlanta के सुंदर और समर्पित समुदाय सदस्यों से बहुत प्रेरित हूँ। DCSD को यह बात पता है कि हम अपने विद्यार्थियों, परिवारों और समुदायों की अकेले सभी जटिल आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते हैं, और इसलिए विद्यार्थियों की सफलता को गति देने के लिए हमें अपने परिवारों और समुदाय लीडरों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। डिजिटल अंतर को समाप्त करने के प्रयास में यह विशेष रूप से ऐसे चुनौती भरे समय में सच होता है।

हमारे डिस्ट्रिक्ट में 178 भाषाएं बोली जाती हैं और इसकी विविधता बहुत सुंदर है। हम अपनी विविधता का जश्न मनाने और हमारे प्रत्येक समुदाय की अनूठी आवश्यकताओं की पहचान करने के अतिरिक्त तरीकों की तलाश कर रहे हैं। इस सप्ताह मेरी मुलाक़ात शानदार K-12 अंग्रेज़ी भाषा शिक्षार्थी गोलमेज़ से हुई। माता-पिता, शिक्षकों, समुदाय लीडरों, और पक्षकारों के इस समूह ने हमारे ELL और नए प्रवासी विद्यार्थियों और परिवारों को बढ़िया समर्थन देने के लिए बहुमूल्य फीडबैक और सुझाव दिए। इस समूह को एक बार फिर से धन्यवाद जिसने मुझसे मुलाक़ात करने और परिवारों के साथ संचार को बेहतर बनाने, खाद्य वितरण, और हमारे विद्यार्थियों के लिए उचित इंटरनेट एक्सेस के तरीकों पर विचार साझा किए।

मैंने कमिश्नर Lorraine Cochran-Johnson द्वारा आयोजित DeKalb काउंटी बैक-टू-स्कूल टाउन हॉल में भी भाग लिया। यह एक शानदार कार्यक्रम था और मैं हमारे संपूर्ण डिस्ट्रिक्ट और मेट्रो Atlanta में बाल समर्थक अन्य लोगों के साथ सहयोग करने के लिए बहुत आभारी हूँ। उपस्थित सभी लोग कृपया जान लें कि मैंने आपके प्रश्न और चिंताओं को

सुन लिया है और आशा करती हूँ कि आपको फीडबैक दिया जाएगा। एकता में बल होता है और साथ मिलकर हम एक DeKalb के तौर पर मजबूती से इस वैश्विक महामारी का सामना कर लेंगे।

लर्न4लाइफ (L4L), मेट्रो Atlanta क्षेत्रीय शिक्षा भागीदारी, और मैंने मुलाक़ात कर हमारे युवाओं को शिक्षा देने और अगली पीढ़ी के लीडरों और नागरिकों की तैयारी के प्रति हमारी वचनबद्धता पर चर्चा की। इस संगठन में स्कूल डिस्ट्रिक्ट, समुदाय, व्यवसाय, और गैर-लाभकारी संस्थाएं शामिल हैं और हमारा उद्देश्य हमारी साझा आस्था है कि सभी बच्चों को उनकी काबिलीयत तक पहुँचने का अवसर दिया जाना चाहिए।

संगठन उत्कृष्टता (लक्ष्य क्षेत्र V)

वीरवार को, मुझे अंतरिम मानव संसाधन प्रमुख Mrs. Linda Woodard के साथ मानव संसाधन विभाग का दौरा करने का अवसर प्राप्त हुआ। जैसा कि हम सभी जानते हैं, उच्च योग्यता वाले कर्मचारियों को नौकरी पर रखने और बेहतरीन प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और उन्हें बनाए रखने में मानव संसाधन की भूमिका प्रमुख होती है। हम समझते हैं कि हमारे स्कूल डिस्ट्रिक्ट की सफलता हमारे मानव संसाधन विभाग से शुरू होती है। सफलता सुनिश्चित करने के लिए मैं हमारे संगठन चार्ट्स पर करीब से नज़र रखे हुए हूँ।

क्योंकि हमारी टीम के लिए हमारे विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा और कल्याण सबसे पहली प्राथमिकता है, हमने वर्चुअल एथलेटिक टाउन हॉल का आयोजन कर बढ़ती चिंताओं का संबोधन किया कि कैसे डिस्ट्रिक्ट में COVID-19 ने हमारे विद्यार्थी-खिलाड़ियों को प्रभावित किया है। मेरी टीम और सहयोगी Dr. Sandra Ford का भाग लेने के लिए धन्यवाद। यदि आप भाग नहीं ले पाए, तो आप Dekalb स्कूल टीवी वीडियो-ऑन-डिमांड पर यहाँ उसे देख सकते हैं: https://view.earthchannel.com/PlayerController.aspx?&PGD=dekalbschga&eID=781.

एक सप्ताह शेष है, और मैं आपको एक बढ़िया स्कूल वर्ष के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने के लिए प्रोत्साहित कर रही हूँ। अभी जबकि हम चुनौती भरे समय के बीच में हैं, सकारात्मक सोच रखें, प्रोत्साहन के शब्द बोलें, और जान लें कि मैं आपके साथ मिलकर कड़ी मेहनत कर रही हूँ। एक हाईटियन कहावत है जो मुझे बहुत पसंद है, “साथ मिलकर काम करने से हर मुश्किल आसान हो जाती है।” आपका सप्ताहांत बढ़िया रहे!

आपकी #1 चीयरलीडर,

Cheryl Watson-Harris, अधीक्षक